हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मिला स्वीकृति पत्र




12 देवी मंदिरों व पंडालों में गूंजा स्वाहा, दी गई पूर्णाहुति






B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# जमीन या आसमान में नहीं तालाब में होता है रावण पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

राक्षसों के जमीन अथवा आसमान में नहीं मरने जैसी चतुराई वाले वरदानों के किस्से तो आपने जरूर सुने होंगे, पर अपने यहाँ सिरसिदा में इसे देखा भी जा सकता है। अंडा से 7 किलोमीटर दूर ग्राम सिरसिदा में दशहरा पर जमीन अथवा आसमान में नहीं, बल्कि तालाब के बीचों-बीच तैरते हुए रावण का दहन किया जाता है।

रावण दहन के दौरान तालाब के बीच आकर्षक आतिशबाजी भी होती है। समिति के चन्द्र प्रकाश साहू ने बताया कि 12 अक्टूबर को आदर्श राम लीला मंडली सिरसिदा के तालाब के बीचो बीच 40 फीट ऊंचा रावण पुतला का दहन किया जाएगा। दशहरा के दिन रात्रि में राम लीला व रावण दहन के बाद रात्रि 10 बजे नाचा पार्टी कवर्धा कबीरधाम वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

सिरसिदा के समिति के सदस्य खेमन, अक्षय, प्रहलाद, लवण ने बताया कि कुछ अलग करने के जुनून में वर्ष 1994 में पहली बार तालाब के बीच रावण का पुतला खड़ा कर जलाया गया। उन्होंने बताया कि शुरुआत के कुछ सालों को छोड़कर हर बार 35 से 40 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया जाता है।

## ग्राम अंडा के पास सिरसिदा में अनोखे अंदाज में मनाया जाता है दशहरा

### ऐसे हुई शुरुआत

ग्रामीणों ने बताया कि प्रेमलाल चंद्राकर, पूर्व सरपंच खेमन चन्द्राकर, बाल गोविंद साहू, तुलेश्वर पटेल और स्वास्थ्य कर्मचारी जीआर शर्मा ने साइकिल की ट्यूब पर पानी के भीतर वजन लटका कर 10 फीट के खंभे को बैलेंस करने का जुगाड़ किया था। फिर ट्रैक्टर के ट्यूब के सहारे रावण का पुतला खड़ा किया। रावण दहन के पहले तालाब किनारे रामलीला का मंचन होता है। इसके लिए 12 पिलर पर मंच तैयार किया जाता है। इससे भगवान राम की भूमिका निभा रहे पात्र बारूद के राकेट से रावण के पुतले की नाभि को भेदते हैं। नाभि में पेट्रोल भरा होता है, जिससे उसमें आग लग जाती है। इस प्रकार पानी पर खड़े रावण पुतले का दहन किया जाता है।



### जब तालाब में उतर कर जलाया गया पुतला

प्रेमलाल ठाकुर ने बताया कि 27 साल में दो बार विपरीत मौसम व बारिश के कारण रावण का पुतला जलाने में बहुत परेशानी हुई। वर्ष 2002 व 2014 में ऐसी स्थिति बनी कि तालाब में उतर कर मसालों के सहारे पुतला दहन किया गया।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-
श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

डोंडी विकासखंड के ग्राम चिहरो, किसनपुरी और आमाडुला के ग्रामीणों में दहशत

# पागल कुत्ते ने मचाया आतंक, तीन गांवों में घूम-घूमकर बच्चों सहित 7 लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डोंडी के ग्राम चिहरो के एक पागल कुत्ते ने 3 अलग-अलग गांवों में घूम-घूमकर 3 मासूम बच्चों समेत 7 लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस हमले में घायल एक शख्स का होंठ बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर धमतरी में रेफर किया गया है। पागल कुत्ते के आतंक से तीनों गांव के ग्रामीणों में दशहत का माहौल है।

बता दें कि इस पागल कुत्ते के हमले में घायल 7 लोगों में से 2 ग्राम चिहरो और किसनपुरी के रहने वाले हैं, जबकि 5 ग्राम आमाडुला के निवासी हैं। आमाडुला स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर उत्तम साहू ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आवारा कुत्ते के हमले में घायल सभी लोगों का इलाज जारी है। वहीं, गंभीर रूप से घायल ग्राम चिहरो निवासी 56 वर्षीय भागवत पिता राम सिंह को बेहतर इलाज के लिए धमतरी रेफर किया गया है।

## घायल सभी लोगों का उपचार जारी एक की हालत गंभीर धमतरी रेफर



### घायलों में ये शामिल

पागल कुत्ते के हमले में घायल होने वालों में वेदांत पिता सोहनलाल उम्र 5 वर्ष ग्राम किसनपुरी, सेमुअल पिता जयंत कुमार उम्र 9 वर्ष ग्राम आमाडुला, पाखी पिता किशुनलाल उम्र 8 वर्ष ग्राम आमाडुला, हुकलाल पिता मेहतरू उम्र 45 वर्ष ग्राम आमाडुला, आनंद पिता तारापद उम्र 57 वर्ष ग्राम आमाडुला, मनोतीन बाई पति फागुराम उम्र 60वर्ष ग्राम आमाडुला, भागवत पिता रामसिंह उम्र 56 वर्ष ग्राम चिहरो शामिल हैं। पागल कुत्ते से ग्रामीण दहशत में थे।

# राज्य स्तरीय स्पर्धा में दुर्ग जोन बालिका को दूसरा और बालक वर्ग को तीसरा पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंडर 19 में दुर्ग संभाग गर्ल्स फुटबॉल टीम दूसरे स्थान पर रही। वहीं, दुर्ग जोन अंडर 19 ब्वायस टीम तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में बस्तर की बालिका एवं बालक वर्ग में सरगुजा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

■ टीम की जीत में डोंडी के खिलाड़ियों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

राजधानी रायपुर में 6 से 9 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में राज्य की सभी पांच संभागों में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा के बालक एवं बालिकाओं की टीम ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में बालोद जिले के आदिवासी ब्लाक मुख्यालय डौंडी के बालक-बालिकाओं ने दुर्ग जोन से खेलते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुर्ग जिले की टीम में बालक वर्ग डौंडी से प्रीयम सोनी और हिमांशु मानकर तथा डौंडी गर्ल्स फुटबॉल क्लब से दीपिका, माधवी, प्रिया, मनीषा, खेमाद्री, भानुप्रिया का चयन किया गया था। बालक-बालिकाओं कि इस उपलब्धि पर क्लब अध्यक्ष मोहनतीन चौरका, संरक्षक हेमंत तन्ना, बालोद फुटबॉल संघ के सचिव त्रिनाथ नायडू, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी मंजुला, टीम कोच सन्तु यादव सहित सभी खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, पालकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 14 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 14 अक्टूबर को सुबह 12 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने बताया कि बैठक में भारतीय स्टेट बैंक रायपुर के उच्चाधिकारी विभिन्न जानकारी प्रदान करेंगे।

### गुंडरदेही के पुराना स्कूल मैदान में होगा रावण वध कार्यक्रम

**गुण्डरदेही।** नगर में 12 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर राज दशहरा उत्सव समिति द्वारा भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम पुराना स्कूल मैदान समय 6 बजे रामलीला के साथ प्रारंभ होगा, जिसके बाद रावण वध किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। समिति के संरक्षक एवं पूर्व जिला भाजपा महामंत्री प्रमोद जैन ने बताया कि 12 अक्टूबर को आयोजित दशहरा उत्सव के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दामाद तिमिरेंदू शेखर कंवर होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद पवन साहू करेंगे। विशेष अतिथि राजेंद्र राय, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, यज्ञ दत्त शर्मा, खिलेश्वरी साहू एवं पार्षद नगर पंचायत गुण्डरदेही, राज दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष विशाल सोनकर, उपाध्यक्ष उत्तम निषाद, तरुण सोनकर सहित पदाधिकारी शामिल होंगे।

# जिला मुख्यालय से हीरापुर को जोड़ने वाले पुल की बदलेगी तस्वीर, लगाई जाएगी रेलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर से जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले वर्षों पुराने पुल में सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेरीकेटिंग, फेंसिंग सहित सौंदर्यीकरण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। उम्मीद है कि आगामी 2025–26 के बजट में इसे शामिल किया जाएगा। अगर शासन द्वारा बजट में शामिल कर इसके लिए राशि स्वीकृत की जाती है, तो इससे हजारों लोगों को लाभ होगा। वहीं, वर्तमान में जान जोखिम में डालकर इस पुल को पार किया जा रहा है, वह पुल में बेरीकेटिंग के बाद यह स्थिति नहीं होगी। हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद विभाग द्वारा पत्र जारी कर वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजट में शामिल करने प्रस्ताव भेजा गया है।

■ हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद जागा विभाग


संकरे व जर्जर पुल से प्रतिदिन गुजर रहे सैकड़ों वाहन, उठा रहे जोखिम

खबर का असर

### एक करोड़ की लागत से होंगे ये कार्य

जानकारी के अनुसार अनुमति राशि करीब एक करोड़ रुपए की लागत से तांदुला नदी का प्रोटेक्शन कार्य, पुराना रपटा से हीरापुर एनीकट तक तथा सौंदर्यीकरण कार्य, तांदुला जलाशय बांध पार सुरक्षा के अंतर्गत सूखा एवं तांदुला बांध का फेंसिंग एवं बेरिकेटिंग निर्माण कार्य के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

# मरकाटोला स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 13 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

ब्लॉक मुख्यालय डोंडी गुदुम मरकाटोला स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का 5 दिवसीय महोत्सव 13 अक्टूबर से शुरू होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे।

वहीं, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं कांकेर सांसद भोजराज नाग विशेष रूप से शामिल होंगे। आयोजनकर्ता विनय पांडे व किरण पांडे ने बताया कि मंदिर में शिव परिवार, गौरी शंकर, मां भगवती, राधा-कृष्ण, हनुमान जी एवं भैरो बाबा की प्रतिमाओं की प्राणा प्रतिष्ठा की जाएगी। पूज्य गुरुदेव श्री चक्रमहामेरु पीठाधीपति अनंत श्री विभुषित श्री श्री श्री सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी जी एवं काशी के विद्वानों द्वारा प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को गणेश पूजन, मंडल प्रवेश, वेदी पूजन, कलश स्थापन, पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को प्रातः गणेश पूजन के बाद नगर में कलश यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर को महाआरती, प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा तथा अतिथियों का स्वागत होगा। उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि बता दें कि मंदिर का निर्माण लगभग 3 वर्षों में पूर्ण हुआ है। इसे लेकर क्षेत्र के शिव भक्त श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है।



# रेंगाडबरी में सांसद भोजराज ने किया एटीएम का लोकार्पण

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग ने जिला सहकारी एटीएम एवं सिन्हा सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता तुमरेकी सरपंच इन्द्रपाल ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि दिलीप शर्मा, रूपेश सिन्हा मंडल अध्यक्ष, होरी लाल रावटे जिला पंचायत सदस्य, जयेश ठाकुर, दारा सिंग भौसार्य, जसराज शर्मा जन भागीदारी अध्यक्ष डौण्डीलोहारा एवं निरंजन पडौती शक्ति केंद्र प्रभारी, जयेश जैन जन भागीदारी अध्यक्ष रेंगाडबरी, फगुआ राम निषाद एवं नेमन साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।





पहले दशहरा से माहभर पहले ही शुरू हो जाता था रामलीला का मंचन

# विलुप्त हो गई रामलीला की परंपरा, कुछ गांवों में बचाने का प्रयास जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जहां एक ओर पुरानी परंपरा थी कि गांवों में दशहरा के एक माह पूर्व ही गांव के लीला मण्डलियों द्वारा गांवों में रामायण के कथा कहानियों को पट्कथा का रूप देकर कलाकारों के माध्यम से गांव के कलामंचों में इसका मंचन किया जाता था। इसके माध्यम से भगवान श्री राम तथा उनके भाइयों के साथ परिवारों के चरित्र का चित्रण कर उनके गुणों से सीख लेकर आगे बढ़ने की पाठ पढ़ाई जाती थी।

लेकिन वर्तमान में गांव-गांव में चल रही लीला मंडलियां लगभग बंद हो गई हैं और अब कुछ गिने चुने गांव में ही लीला मण्डलियां भगवान राम के चरित्र का बखान करती हैं, वह भी कुछ दिनों तक ही। अब जिले के अधिकांश गांवों में अब दशहरा के अवसर पर भगवान राम के चरित्र का गुणगान करने की जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर दिया जाता है। वर्तमान में रावण को मारने के बाद लोग तथा वर्तमान पीढ़ी भगवान राम के चरित्र को जानने व समझने की जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने में मस्त रहती है।

वहीं वर्तमान में जिले के ग्राम नेवारीकला, नारागांव जैसे कुछ गांवों में अभी भी भगवान राम की लीलाओं का मंचन करने की परंपरा बरकरार है। भले ही जो कार्यक्रम 1 माह चलता था, वह मात्र एक दिन का ही रह गया हो, लेकिन उसे निभाने के लिए 15 दिन पूर्व से ही कलाकार देर रात जागकर अपनी तैयारियों में जुटे रहते हैं। अपने परिवार व घरेलू कार्य से निकलकर लोग रात के समय अभ्यास करते नजर आते हैं, ताकि परंपरा टूट न जाए।





### नेवारीकला में एक दिन बाद दशहरा

ग्राम नेवारीकला में 1950 से अब तक ग्रामीणों के सहयोग से रामलीला का मंचन चला आ रहा है, जहां अन्य गांवों में दशहरा का पर्व दशमी को मनाया जाता है वहीं ग्राम नेवारीकला में दशहरा का पर्व एकादशी को मनाया जाता है। जहां के युवाओं द्वारा अब बीड़ा उठाकर भगवान राम के चरित्र का वर्णन कर राम नाम का बखान कर रहे हैं। जहां पास के गांव टेकापार में लड़कियों द्वारा की जाने वाली रामलीला समाप्त होने के बाद अब ग्राम टेकापार के युवाओं द्वारा रामलीला का मंचन किया जाता है।

### नारागांव में 1970 से हो रही रामलीला

उधर, ग्राम नारागांव में भी 1970 से रामलीला का पाठ किया जा रहा है। जहां दशमी के दिन रावण दहन कर युवाओं द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इसमें भगवान श्री राम के चरित्र का बखान कर राम नाम के गुणों को आत्मसात करने की सीख दी जा रही है।

# गुंडरदेही आईटीआई में हुई रंगोली स्पर्धा

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर रंगोली स्पर्धा का आयोजन किया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य एसडी. खिलारी ने बताया कि संस्था में जनजाति समाज की गौरवशाली अतीत के संदर्भ में आज विभिन्न व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा जनजाति समाज के क्रांतिकारियों की वीरगाथा एवं उनकी संस्कृति को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसमें प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बिरसामुंडा, रानी दुर्गावती, शहीद वीरनारायण सिंह, तिल्का मांझी आदि के द्वारा जल, जंगल, जमीन एवं प्रकृति को सहजने वाले आदिवासी समुदाय के प्रयासों तथा उनकी संस्कृति को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित करके अपनी भावी पीढ़ी को अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी जितेन्द्र कुमार, पुरन लाल ठाकुर, आशीष साहू तथा कौशल धनकर सहित प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### रावणभाठा में 60 फीट का जलेगा रावण




**रायपुर।** टिकरापारा के रावणभाठा मैदान पर इस बार भी रावण दहन का कार्यक्रम सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति करने जा रही है। 12 अक्टूबर को शाम 4 से रात 8 बजे तक मैदान पर उत्सव का माहौल रहेगा। दशहरा उत्सव का ऐतिहासिक महत्व दूधाधारी मठ से जुड़ा है। 1610 में विम्बाजी राव और बलभद्राचार्य द्वारा स्थापित दूधाधारी मठ से उत्सव की परंपरा जुड़ी है। यह शहर के अन्य दशहरा उत्सव से इसे खास स्थान दिलाता है। दूधाधारी मठ का यह सांस्कृतिक उत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। बुधवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा, संयोजक सुशील ओझा व सचिव अमित साहू ने दी।

### राज्यपाल ने लोहारीडीह मामले में मांगी रिपोर्ट

**रायपुर।** कवर्धा जिले के ग्राम लोहारीडीह अग्निकांड मामले में राज्यपाल रामेन डेका ने संज्ञान लिया है। राज्यपाल के अवर सचिव ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर लोहारीडीह मामले में आवश्यक कार्यवाही करने और कार्रवाई के बाद छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग एवं राज्यपाल के सचिवालय को अवगत कराने का निर्देश दिया है। कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा मामले में जेल बंद कैदियों से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने 24 सितंबर को मुलाकात की थी, इसके बाद नायक ने आरोप लगाया कि जेल में बंद 33 महिलाओं को निर्वस्त्र करके पीटा गया है। महिलाओं के शरीर पर चोट के निशान हैं।

### चार नए जिला सहकारी बैंक शुरू करने की तैयारी

**रायपुर।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि रिजर्व बैंक तथा नाबार्ड के मापदंडों का अनुपालन करते हुए छत्तीसगढ़ में चार नवीन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के गठन की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। महासमुंद तथा गरियाबन्द को मिलाकर नवीन बैंक, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा तथा शक्ति को मिलाकर एक नवीन बैंक, कांकेर तथा नारायणपुर को मिलाकर नवीन सहकारी बैंक एवं रायगढ़, जशपुर व सारंगढ़ मिलाकर नवीन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खोले जाएंगे।

### दिवाली के लिए शहर को करें कचरामुक्त

**भिलाई।** जन जागरण फोरम ने दिवाली के पूर्व शहर में जमीनी स्तर पर सफाई अभियान चलाने की मांग नगर निगम से की है। फोरम सह सचिव सुदेश चंद्राकर ने बताया कि त्योहार के समय भी निगम क्षेत्र यानी पटरीपार और टाउनशिप गंदगी से पटा पड़ा है। राधिकानगर से खुर्सीपार तक नालियां और सड़को चौराहों पर भारी अस्वस्छता है। बीएसपी के क्षेत्र टाउनशिप में भी कचरा यहां वहां फैला हुआ है। नियमित सफाई नहीं हो रही है। गांधी

# टीबी मरीजों की पोषण राशि होगी दोगुनी, एक नवंबर से खाते में हर महीने एक हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टीबी संक्रमण से जूझ रहे मरीजों की पोषण राशि दोगुनी कर दी गई है। एक नवंबर से पंजीकृत मरीजों के खाते में हर महीने पांच सौ के बजाए एक हजार रुपए जमा कराया जाएगा। इसके साथ ही शारीरिक रूप से ज्यादा कमजोर पाए जाने वाले मरीजों को पोषण के लिए अतिरिक्त प्रोटीन किए जाने की योजना है। रायपुर जिले में टीबी के संक्रमित पंजीकृत मरीजों की संख्या 54 सौ और राज्य में 29 हजार से ज्यादा है। इनमें 20854 को एनपीवाय मिल गया है। जनवरी 2023 से 30 सितंबर 2024 तक 9461 निक्षय मित्र पंजीकरण किया गया है।

जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा टीबी मरीजों को उपचार अवधि के दौरान पोषण राशि के रूप में पांच सौ रुपए का भुगतान किया जाता है। यह राशि सीधे उनके खाते में ट्रांसफर की जाती है कुछ समय पहले इस राशि को दोगुनी करने का फैसला लिया गया था जिसे एक नवंबर से लागू करने का आदेश जारी कर दिया गया है। केंद्र के निर्देश पर एक नवंबर से दोगुनी पोषण राशि छत्तीसगढ़ के मरीजों को भी प्राप्त होगी।

छत्तीसगढ़ को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है इसके तहत बड़े स्तर पर अभियान चलाकर लोगों की जांच की जा रही है और संक्रमित पाए जाने वाले मरीजों को निशुल्क उपचार के साथ शासन द्वारा अन्य सुविधाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। पोषण राशि के अलावा उन मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत दो महीने के लिए अतिरिक्त प्रोटीन भी उपलब्ध कराया जाएगा जो शारीरिक रूप से ज्यादा कमजोर है।

## शारीरिक रूप से कमजोर संक्रमितों को अतिरिक्त प्रोटीन उपलब्ध कराने की योजना

### एआई तकनीक से 3200 की जांच

टीबी की रोकथाम के लिए मरीजों को छह माह तक विभिन्न योजनाओं के तहत सुविधा प्रदान की जाती है। रायपुर जिले के नोडल अफसर डॉ. अविनाश चतुर्वेदी ने बताया कि एआई तकनीक से टीबी संक्रमितों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। रायपुर जिले में अब तक इस तकनीक की मदद से 3200 लोगों की जांच की गई है जिसमें से 18 सौ के स्वाब टेस्ट के लिए भेजे गए है और चार की रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है। एआई के माध्यम से फेफड़े के एक्सरे के लिए विभिन्न स्थानों में शिविर लगाए जा रहे हैं।



### गाइडलाइन का इंतजार

एक नवंबर से टीबी मरीजों को एक हजार रुपए पोषण राशि देने की तैयारी है। इसके लिए तकनीकी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। टीबी संक्रमितों को अतिरिक्त प्रोटीन के साथ परिवार को निक्षय मित्र योजना के तहत कवरेज करने के मामले में केंद्र सरकार से विस्तृत गाइडलाइन मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

- **डॉ. खेमराज सोनवानी,** नोडल अफसर, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम

## बंदियों को जेल प्रबंधन फलाहार में उपलब्ध करा रहा दूध, केला

# देवी भक्ति में डूबा रायपुर सेंट्रल जेल, पौने आठ सौ बंदी कर रहे नवरात्रि उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल जेल रायपुर इन दिनों देवी भक्ति से सराबोर है। जेल के बंदी मां दुर्गा की पूजा करने के साथ ही नवरात्रि के अवसर पर व्रत कर रहे हैं। उपवास करने वाले बंदियों के लिए जेल प्रशासन ने विशेष इंतजाम किया है। बंदियों को फलाहार के रूप में दूध के साथ केला दिया जा रहा है।

■ जेल के बंदियों ने मूर्ति बनाने के साथ पंडाल सजाया

जेल सुपरिटेंडेंट अमित शांडिल्य के मुताबिक जेल में स्थापित दुर्ग प्रतिमा जेल के बंदियों ने बनाई है। साथ ही पंडाल सजाने का काम जेल के बंदियों ने किया है। जेल सुपरिटेंडेंट के अनुसार जेल में रह रहे पौने आठ सौ बंदियों ने नौ दिनों तक नवरात्रि व्रत रखने का संकल्प लिया है। व्रती बंदियों के लिए जेल प्रशासन फलाहार के रूप में दूध के साथ केला उपलब्ध करा रहा है। जेल सुपरिटेंडेंट के अनुसार सुबह जेल के बंदी स्नान ध्यान करने के बाद देवी मां की पूजा अर्चना करने के बाद जसगीत गाते हैं। पूजा के समय सभी वर्ग के बंदी उपस्थित रहते हैं।



### एक महीना पहले से जुटे थे तैयारी में

जेल प्रशासन के मुताबिक जेल में सभी धर्मों के पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। पर्व के अवसर बंदियों को उनके मनपसंद पकवान परोसे जाते हैं। जेल अफसरों के मुताबिक गणेशोत्सव के समय से ही जेल में बंदियों द्वारा दुर्गा स्थापना का निर्णय लिया था। इसके लिए जेल प्रशासन ने बंदियों को जरूरत के हिसाब से संसाधन उपलब्ध कराने का काम किया।

### बंदियों ने बनाई मूर्ति

जेल प्रशासन के मुताबिक जेल के बंदियों ने गणेशोत्सव के समय से ही दुर्गा प्रतिमा निर्माण का काम शुरू कर दिया था। प्रतिमा बनाने जेल प्रशासन ने मिट्टी उपलब्ध कराने के साथ ही अन्य साजो सामान उपलब्ध कराया। प्रतिमा में जो रंग रोगन किए गए हैं, वह ईको फ्रेंडली कलर है।

### जेल के तालाब में मूर्ति विसर्जन

जेल प्रशासन के अनुसार शुक्रवार को हवन करने के बाद दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन जेल में बने तालाब में किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन के बाद नवरात्रि का उपवास कर रहे बंदियों को फलाहार वितरण किया जाएगा। साथ ही जेल में बंद बंदियों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## छूटे हितग्राहियों का केवाईसी-नवीनीकरण करने के साथ जमा करें डीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य विभाग के अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने राशन दुकान संचालकों की बैठक लेकर निर्देश दिए हैं कि उनकी राशन दुकानों में पंजीकृत छूटे हुए कार्ड धारकों का नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी का काम जल्द से जल्द पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने खाद्यान्न के बदले समय पर डीडी जमा करने के भी निर्देश दिए हैं।

■ खाद्य विभाग अधिकारी ने दुकान संचालकों की बैठक लेकर दिए निर्देश

खाद्य अधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के राशन दुकान संचालकों की अलग-अलग समय पर बैठक ली।



पहले रायपुर शहर के दुकान संचालकों की बैठक ली। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों के संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में सभी संचालकों को उनके दुकान में पंजीकृत कार्ड धारकों में नवीनीकरण एवं केवाईसी के छूटे हुए धारकों व सदस्यों के नाम की सूची लाने के लिए कहा गया था।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर में 86 बच्चों ने कराया चेकअप

**रायपुर।** आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ लर्निंग एंड एंपावरमेंट द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर एक बड़ी सफलता रहा। इस शिविर में बड़ी संख्या में 86 बच्चों ने भाग लिया। शिविर में बच्चों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जांच और उपचार प्रदान किया गया। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने आकांक्षा संस्थान के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविरों से विशेष बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। आकांक्षा संस्थान के निदेशक साधना नायक ने कहा, हम इस शिविर की सफलता से बहुत खुश हैं। इस शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप वर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत पटेल, कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. नीति वर्मा, त्वचा विशेषज्ञ डॉ. आदिति सिंह, दांतों के डॉक्टर डॉ. मोहित मानिक और रक्त जांच विशेषज्ञों ने अपनी सेवा दी।

## विश्व डाक दिवस पर मैराथन के तर्ज पर पोस्टाथन रिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

डाक संभाग द्वारा विश्व डाक दिवस के अवसर पर दुर्ग भिलाई के नागरिकों के लिए मैराथन के तर्ज पर पोस्टाथन का आयोजन किया गया। इसमें डाक विभाग के कर्मचारियों के साथ अंचल के नागरिक गण एवं खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। भारतीय डाक विभाग 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मना रहा है। इस दौरान प्रत्येक दिन विभाग की अलग अलग योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। फिट पोस्ट इंडिया की थीम के साथ इस पोस्टाथन रिले में अंचल के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण हेतु एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया।

आगे जानकारी देते हुए दुर्ग डाक संभाग के प्रवर अधीक्षक बीएल जांगड़े ने बताया कि, इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवम् विशेष अतिथि के रूप में निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमंडल दिनेश कुमार मिस्त्री थे। पोस्टाठन के विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

## 4 यूनिट सोलर ऊर्जा के उत्पादन से प्रतिमाह 3 सौ यूनिट बिल की होगी बचत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के नवनियुक्त अध्यक्ष डा. रोहित यादव ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में कार्यपालन अभियंता मनोज वर्मा सहित कार्यपालन एवं सहायक अभियंता मौजूद रहे। बैठक में अध्यक्ष ने केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना एवं वर्तमान सोलर कनेक्शन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 4 यूनिट सोलर ऊर्जा के उत्पादन से 3 सौ यूनिट बिल की बचत होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करें, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। रोहित यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत उपभोक्ता को लगभग 3 किलोवॉट पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी का प्रावधान है। इस तरह प्रति किलोवॉट लगभग 4 यूनिट उत्पादन से प्रतिमाह 3 सौ यूनिट बिल की भी बचत होगी। बैठक में मौजूद अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी दी। उन्होंने रायपुर शहर में वर्तमान में सोलर कनेक्शन की प्रगति की समीक्षा की तथा राज्य में सबसे अधिक कनेक्शन दिए जाने की जानकारी दी। बैठक के अंत में रोहित यादव एवं मनोज वर्मा ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री की जीरो पॉवर कट का भी संकल्प दिलाया।

■ छग राज्य विद्युत कंपनी के अध्यक्ष रोहित यादव ने की पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा

## केंद्रीय यूनियनों ने सेलव्यापी आंदोलन का लिया निर्णय

# बोनस पर सेल प्रबंधन के एकतरफा निर्णय से कर्मचारियों में बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बोनस को लेकर सेल प्रबंधन के एकतरफा निर्णय और कर्मचारियों की लंबित अहम समस्याओं पर उच्च प्रबंधन की उदासीनता से सेल कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। सभी केंद्रीय यूनियनों द्वारा अब तीन चरणों के तहत सेल व्यापी आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पहले भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) की सभी यूनिटों में धरना दिया जाएगा। इसके बाद सीधे हड़ताल की जाएगी। हड़ताल को सफल बनाने यूनियनों द्वारा कर्मचारियों को जागरुक किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस साल कम सालाना बोनस भुगतान किए जाने से बीएसपी सहित समूचे सेल कर्मियों में मायूसी है। सेल प्रबंधन द्वारा एततरफा निर्णय लेते हुए मात्र 26 हजार 5 सौ रुपए बोनस निर्धारित कर सभी यूनिटों में कर्मचारियों के खाते में डाल दी गई है। त्योहार होने के कारण कई कर्मचारी राशि का निकालकर खर्च भी कर रहे हैं। बिना एनजेसीएस यूनियनों की सहमति के प्रबंधन के इस बोनस खाते में डालने के कदम और अधूरे वेतन समझौता को पूर्ण करने, 39 महीने के लंबित एरियर्स, ठेका मजदूरों का वेतन समझौता व बोनस की मांग व आरआईएनएल सहित इस्पात उद्योगों के निजीकरण के खिलाफ से नाराज यूनियनों ने एकजुटता से विरोध तेज करने का निर्णय लिया है। बुधवार 9 अक्टूबर को एनजेसीएस यूनियनों की हुई आनलाइन बैठक में इन मांगों को लेकर 14 अक्टूबर को बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में धरना दिए जाने और इसके बाद 28 अक्टूबर को सेलव्यापी हड़ताल किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके पूर्व पांच अक्टूबर को प्रदर्शन किया गया था। यहां मुर्गा चौक पर संयुक्त यूनियन व लोकर यूनियनों ने प्रदर्शन किया था।



### एकतरफा बोनस व लंबित एरियर्स के लिए दबाव

गौरतलब हो कि एक अक्टूबर को दिल्ली में बोनस को लेकर हुई एनजेसीएस की बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई थी। बैठक में यूनियनों ने एकस्वर में 40,500 बोनस की मांग की लेकिन प्रबंधन ने बोनस फार्मूला के अनुरुप मात्र 26,500 रुपए का आफर दिया, जिसे यूनियनों ने ठुकरा दिया था। 2 अक्टूबर को एनजेसीएस यूनियनों की बैठक में 40,500 बोनस को जायज मांग बताते हुए लंबित अपूर्ण वेतन समझौता व एरियर्स आदि मांगों के लिए चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया था। यूनियनों के मुताबिक इस दौरान प्रबंधन के सीधे कर्मियों के खाते में 26,500 बोनस की राशि डाले जाने का यूनियनों व कर्मियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। एनजेसीएस सदस्य व इंटक के महासचिव वंश बहादुर सिंह ने बताया कि बोनस व लंबित वेतन समझौता व एरियर्स को लेकर कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। मांगों को लेकर धरने व हड़ताल की जाएगी।

### सेल मे 28 अक्टूबर को होगा हड़ताल

अलग-अलग इकाइयों से यूनियन नेताओं के सुझाव को देखते हुए एवं झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के कारण बोकारो में नवंबर में आचार संहिता लागू होने की संभावना व राउरकेला और सेलम स्टील प्लांट में नवंबर महीने में मान्यता के लिए होने वाले चुनाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि दीपावली से पहले ही हड़ताल किया जाए। इस पर सभी यूनिट के नेताओं से राय ली गई । जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि 28 अक्टूबर को एक दिवसीय हड़ताल किया जाए। साथ ही 14 अक्टूबर को एक दिवसीय धरना करने का निर्णय लिया गया।

### तबादले के बाद भी विभाग में जमे अधीक्षक और आधा दर्जन आरआई

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालय स्थित भू अभिलेख शाखा के अधीक्षक सहित आधा दर्जन आरआई का तबादला कर दिया गया है। तबादले के बाद इन्हे रिलिव भी किया जा चुका है, इसके बाद भी पिछले पखवाडेभर से अधीक्षक और आरआई पुराने पदों में जमे हुए है। हालात यह है कि, उनके जगह आए नए अधिकारियों को पदभार नही मिल पा रहा है। जिसके चलते पूरी प्रशासनिक कामकाज ठप हो गई है।

तबादले के बाद ऐसे अधिकारी कोर्ट से स्टे लेने की फिरा में है। लेकिन कोर्ट ने किसी को भी स्टे नही दिया है। कुछ लोग कोर्ट की शरण में गए थे, लेकिन उन्हें कोर्ट ने राज्य शासन के समक्ष अभ्यावेदन लेने कहा गया है। ऐसे में अभ्यावेदन को तबादला रोकने का हथियार बनाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जो गलत हैं। मिली जानकारी अनुसार सितंबर माह में ही राज्य शासन द्वारा दुर्ग भू राजस्व के अधिकरियों का तबादला आदेश जारी कर दिया गया है। लेकिन घात लगाए अफसर अपनी एप्रोच लगाने पूरा जोर डाल रहे है। उतर तक पहुंच बताकर पिछले पखवाडेभर यहां जमे है। मजाल हैं कि, राजस्व के प्रभारी अधिकारी और जिला प्रशासन कुछ एक्शन ले सके।

## जर्जर हैं सड़कें, गड्ढों से हो रही परेशानी, जलभराव से व्यवसायी परेशान

# त्योहारी सीजन में उपेक्षा का दंश झेल रहा लक्ष्मीनगर मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

त्योहार के मौसम में जब शहर के बाजारों में रौनक आने वाली है, पटरीपार का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट लक्ष्मीनगर सब्जी मार्केट सालों से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। नगर निगम और जन प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण यह बाजार गंदगी और बदबू का पर्याय बनकर रह गया है। बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं। इसका खामियाजा व्यवसायियों और खरीदारी करने आने वाले हजारों लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

सुपेला चौक से लगा लक्ष्मीनगर सब्जी मार्केट अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। यह पावरहाउस सब्जी बाजार के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। रोज यहां पटरीपार के अलावा टाउनशिप के लोग भी सब्जी खरीदने आते हैं। रविवार को साप्ताहिक बाजार भी लगता है। लेकिन यहां वर्षों से काई की तरह



जमी बुनियासी समस्याओं के चलते व्यवसायियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर निगम की अकर्मण्यता से यह मार्केट किसी ट्रेंचिंग ग्राउंड की तरह नजर आता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सड़क,नाली, गंदगी, पेयजल, बिजली, प्रसाधन, आवारा मवेशियों और सूअरों का जमघट तथा दलदली और जलभराव जैसी समस्याओं से व्यवसायियों का व्यवसाय करना और ग्राहकों को खरीदारी करना मुश्किल हो रहा है। गौरतलब हो कि लक्ष्मीनगर मार्केट व आखेट मार्केट का निर्माण 1992 में साडा ( विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) द्वारा तत्कालीन साडा अध्यक्ष सत्यनाराण अग्रवाल के कार्यकाल में हुआ था। लेकिन नगर निगम के बनते ही इस मार्केट की बदहाली बढ़ने लगी। व्यवसायियों ने बताया कि शिकायत करते करते थक लेकिन मार्केट का संधारण व नियमित साफ सफाई नहीं की जा रही है। सड़के जर्जर व गड्ठों व बोल्डरों से भरी पड़ी है। पैदल चलते चप्पल टूट जाती है। बारिश में यह सड़क नाली बनी रही। सब्जियां तैरती रहती हैं। जगह जगह जलभराव की समस्या से आवाजाही व व्यवसाय करने में दिक्कतें बढ़ती हैं। नाली टूट चुकी है और जो है वह बजबजा रही है। यहां प्रसाधन भी अस्तित्व खो चुका है, जिससे लोगों को भटकना पड़ रहा है। व्यवसायियों ने दुर्घटनाएं रोकने व आवाजाही में सुगमता के लिए सड़कों का कांक्रीटीकरण किए जाने की मांग की है। पेयजल की भारी समस्या होने से व्यवसायी अपने घर से पानी लेकर आते हैं।

### आवारा मवेशी चोटिल कर रहे

मार्केट में भारी गंदगी और बदबू से लोग मुंह व नाक पर रुमाल रखकर सब्जी खरीदते हैं। कई महिलाएं भी दलदली व गंदगी के पास बैठकर सब्जी बेचने मजबूर हैं। बाजार की कई दुकानें और गोदमा टूट चुके हैं। कई के शटर सड़ चुके हैं। अंदरुनी इलाके में भारी दलदली है। आवारा मवेशी व सूअर कीचड़ में लोटते रहते हैं। आवारा मवेशी कई लोगों को चोटिल कर चुके हैं। पसरा दुकानों की सब्जियों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। व्यवसायियों ने बताया कि यहां कभी भी नगर निगम का मवेशी पकड़ने वाली टीम नहीं आती है। नगर निगम प्रशासन व जन प्रतिनिधियों को इस बाजार के कायाकल्प के लिए अपनी सक्रियता और जागरुकता दिखाने की जरुरत है।

## ठंड में मैत्रीबाग की बढ़ेगी रौनक पर्यटकों के लिए संवर रहा चिड़ियाघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ठंड के मौसम में मैत्रीबाग जू में पर्यटकों की रौनक बढ़ जाएगी। इसे देखते हुए प्रबंधन ने तैयारी शुरु कर दी है। साफ सफाई के साथ मनोरंजन के संसाधनों को भी अपडेट किया जा रहा है। इनके अलावा मौसमी फूलों के उद्यानों की भी संवारा जा रहा है। मैत्रीबाग में सबसे अधिक सैलानी सर्दी के मौसम में ही आते हैं।

चार महीने के बरसात के मौसम के दौरान मैत्रीबाग में पर्यटकों की आमद कम रही। सामान्य दिनों के बजाए बारिश में इनकी संख्या ही रहती है। इस साल वर्षा अधिक होने के कारण भी लोग कम आए। अब ठंड का मौसम दस्तक दे रहा है। इसे देखते हुए जू प्रबंधन ने ठंडी में पर्यटकों की बढ़ने वाली आमद को देखते हुए मैत्रीबाग को संवारना शुरु कर दिया है। बारिश के दौरान फेले मानसूनी खरपतवारों आदि की सफाई और झाड़ियों की कटाई की जा रही है। झील, प्रगति मीनार के आसपास और कैंटीन के इर्द गिर्द आदि में सफाई की जा रही है। वन्य प्राणियों के कैज और एनक्लोजर को भी अधिक नीट एंड क्लीन किया जा रहा है। इसके साथ ही लंबे समय से बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन को भी जल्द रिपेयर किए जाने की तैयारी है। पच्चीस साल पुराना यह आकर्षक फाउंटेन पिछले कुछ साल से बिगड़ा पड़ा है। म्यूजिकल फाउंटेन देखने दूर दूर से लोग आते थे। इसके चालू हो जाने से पर्यटकों के मनोरंजन के साथ मैत्रीबाग का राजस्व भी बढ़ेगा। इसी तरह बच्चों की रेलगाड़ी भी बिगड़ी पड़ी है । पर्यटकों ने बताया कि बच्चों के सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र बेबी ट्रेन के चालू हो जाने से मैत्रीबाग की रौनक और बढ़ जाएगी।

## खबर संक्षेप



### बोरगहन में मंदिर जीर्णोद्वार कार्य का विधायक कुंवर सिंह ने किया लोकार्पण

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम बोरगहन में जय मां भरारी पाठ मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का विधायक कुंवर सिंह निषाद ने लोकार्पण किया। विधायक ने लोकार्पण करते हुए कहा कि गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है। इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस गुण्डरदेही भोजराज साहू, कमलेश चंद्राकर, सरपंच संत राम चंद्राकार, बलदेव साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन के जिला अध्यक्ष बने संतोष

**बालोद।** कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन में सन्तोष कौशिक, जिला



अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। बालोद शहर के पाररास वार्ड निवासी पूर्व पार्षद भाजपा नेता सन्तोष कौशिक को राष्ट्रीय ओबीसी संगठन एवं प्रदेश संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वर्तमान में सन्तोष कौशिक ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष भी हैं। श्री कौशिक ने बताया कि कर्पुरी ठाकुर ओबीसी संगठन राष्ट्रीय स्तर पर सेन समाज से सम्बंधित संगठन है और ओबीसी महासभा राष्ट्रीय स्तर की ओबीसी महासभा सर्व ओबीसी समुदाय की राष्ट्रीय संस्था है, जो ओबीसी समुदाय के हित संवर्धन के लिए कार्य करती है। उन्होंने बताया कि इन दोनों संगठन का शीघ्र ही जिलास्तर पर गठन किया जाएगा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में मनाया गया विश्व दृष्टि दिवस



**अंडा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग के निर्देश एवं डॉ. एनएल. बंजारे, खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 15 मरीजों की स्क्रिनिंग की गई, जिनमें 3 आपरेशन के लिए पंजीयन एवं 5 चश्मा वितरण किया गया। विभाग से डॉ. धरणी ठाकुर, चिकित्सा अधिकारी, डॉ. धर्मेन्द्र मारकण्डेय दंत चिकित्सक, अमित देवांगन, नेत्र सहायक अधिकारी आर.भूआर्य, खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, अमरेशचंद्र श्रीवास्तव सेक्टर पर्यवेक्षक, ललिता वर्मा, आर. कुहिकर, उषा देशमुख, महिला पर्यवेक्षक, तुलसीराम यादव, आर.एच.ओ. रेखा निर्मलकर आर.एच.ओ., राजेन्द्र निर्मलकर फार्मासिस्ट, हरिकिशन घृतलहरे, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम के सभी कर्मचारी एवं ग्राम के सभी मितानीन उपस्थित रहे।

### पर्व : गुरुवार को कुछ स्थानों पर मनाई गई अष्टमी, अधिकांश मंदिरों में हवन आज

# देवी मंदिरों व पंडालों में गूंजा स्वाहा, दी गई पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुख समृद्धि की कामना के साथ नवरात्रि पर्व के दौरान गुरुवार को अष्टमी के दिन जगह जगह हवन यज्ञ किया गया। कई देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में आज भी हवन किया जाएगा। हवनकुंड में आहुति डाल कर भक्तों ने मत्था टेका, इस दौरान हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध हो गया।

हालांकि अधिकांश प्रसिद्ध देवी मंदिरों व पंडालों में आज हवन पूजन का कार्यक्रम होगा। हवन यज्ञ के बाद आज से जोत जंवारा और माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो आगामी 13 अक्टूबर तक जारी रहेगी। गुरुवार को हवन कार्यक्रम के बाद मंदिरों व पंडालों में नौ कन्या भोज खिलाया गया, जिसके बाद भक्तों के लिए महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। जिले के गंगा मैय्या मंदिर, सियादेवी मंदिर व रानी माई मंदिर व कई दुर्गा पंडालों में आज हवन पूजन होगा। इसके साथ ही यहां स्थापित ज्योति कलश, जंवारा व माता दुर्गा की प्रतिमा का 12 अक्टूबर को विसर्जन होगा, हालांकि बालोद शहर में 13 अक्टूबर को धूमधाम से बाजे गाजे के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।





गुरूर अंचल में नवरात्रि की धूम




शक्ति की भक्ति में डूबा बालोद अंचल



### महावीर उद्यान धनोरा में अष्टमी हवन आज

अंडा। महावीर उद्यान धनोरा दुर्ग में मां हरसिद्धि समिति द्वारा मां नवदुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां प्रतिदिन रात्रि में भजन संध्या जस गायन के बाद गरबा डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के बलराम बबलू साहू एवं गज्जू रायपुरिया ने बताया कि यहां प्रतिदिन सुबह-शाम माता रानी की आरती के बाद दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां 11 अक्टूबर को महाअष्टमी हवन रखा गया है। 12 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शोभायात्रा निकालकर प्रतिमा एवं ज्योति-जंवारा का विसर्जन किया जाएगा।



जय मां सरस्वती समिति डीहिपारा, चौरेल

## युवा मित्र क्लब बिरेतरा ने किया प्रसाद वितरण



**बालोद।** बिरेतरा शीतला मंदिर में प्रतिदिन माता की पूजा की जा रही है। वहीं, युवा मित्र क्लब बिरेतरा द्वारा पंचमी पूजन में प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री एवं युवा मित्र क्लब के संरक्षक राकेश यादव, सिद्धार्थ साहू, कामता प्रसाद, यश कुमार साहू, साहिल कुमार, गिरधर साहू, वेद प्रकाश साहू, टिकेश्वर साहू, तोकेश साहू सहित पूरी टीम का सहयोग रहा। युवा मित्र क्लब के संरक्षक राकेश यादव ने बताया कि नवरात्रि का प्रत्येक दिन बड़ा महत्व रखता है।

## आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति श्रद्धालुओं को बांट रही महाप्रसादी



**बालोद।** आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड द्वारा नवरात्रि पर गंगा मईया तीर्थ स्थल में सभी श्रद्धालुओं की सेवा में निःशुल्क गंगा मईया महाप्रसादी सेवा संचालित की जा रही है। प्रथम दिवस माता जी और हनुमान जी की पूजा अर्चना सेवा प्रारंभ की गई, जो सातवें दिन भी जारी रही।

समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए प्लास्टिक और डिस्पोजल की जगह श्रद्धालुओं को प्लेट और थाली में प्रसादी प्रदान की जा रही है। समिति के अनुसार अब तक 15 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को महाप्रसाद प्रदान किया जा चुका है। इस दौरान पूड़ी सब्जी, पोहा, खिचड़ी बांटी गई। महाअष्टमी के प्रसाद में हलुवा, पूड़ी महाप्रसादी की तैयारी आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड ने कर रखी है। समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के नेतृत्व में रमेश कुमार रावते, योगेश्वर यादव, भुनेश्वर कौशिक, दयालु ठाकुर, संतराम साहू, नरोत्तम साहू, बहुत साहू, मुरलीधर साहू, पुस्कर सिंह राजपूत सहित समिति के सभी सदस्यों के साथ ही ग्राम बेलमाण्ड की महिलाएं भी सेवा दे रही हैं।

## महिलाओं के लिए गांवों में बनाए जाएंगे महतारी सदन : देवलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

महिलाओं को उनके गांव में ही कामकाज मिले इसके लिए महतारी सदन बनाए जाएंगे। इस योजना के तहत हर ब्लॉक में 10 महतारी सदन होंगे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल

- महिलाओं को उनके गांव में ही कामकाज दिलाने प्रदेश सरकार की पहल

ठाकुर ने हरिभूमि संवाददाता से चर्चा में बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश की महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले 1400 से ज्यादा महतारी सदन बनाए जाएंगे। विभाग ने महतारी सदन का डिजाइन भी तय कर लिया है। श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले कुछ सालों में सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन भी बनाए जाएंगे। देवलाल ठाकुर ने बताया कि महतारी सदन महिलाओं के उठने, बैठने और एकत्रित होने की जगह



होगी। महिलाएं अपनी जरूरतों के हिसाब से इसका इस्तेमाल कर सकेंगी। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का प्रयास है। श्री ठाकुर ने कहा कि एक महतारी सदन तकरीबन 120 वर्ग मीटर में बनेगा। इसके लिए जिला पंचायत के अध्यक्ष और सदस्यों से भवन के लिए प्रस्ताव भी मंगाए गए हैं। महतारी सदन में 2 कमरे व्यावसायिक उपयोग के लिए हो सकते हैं। एक हॉल होगा जहां महिलाएं काम कर सकेंगी। यहां एक स्टोर रूम और किचन भी बनाया जाएगा। वहीं, पानी के लिए ट्यूबवेल की व्यवस्था होगी। परिसर की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल भी बनाया जाएगा।

## स्काउट-गाइड ने गंगा मैया मंदिर झलमला में दी सेवाएं

**बालोद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के स्काउट गाइड ने गंगा मैया मंदिर झलमला में आयोजित एक दिवसीय सेवा कार्य शिविर में भाग लिया। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शक्ति पीठ गंगा मैया मन्दिर झलमला में विद्यालय के स्काउट, गाइड, रोवर्स, रेंजर्स ने प्राचार्य अरुण कुमार साहू के मार्गदर्शन में तथा रोवर स्काउट लीडर नेमसिंह साहू के नेतृत्व में एक दिवसीय सेवा कार्य शिविर में भाग लिया। इस दौरान मन्दिर परिसर की साफ सफाई, मन्दिर परिसर से नारियल और अन्य पूजा सामग्री का भंडार गृह तक परिवहन, जूता चप्पल घर में सेवा, रसोई घर में सेवा, बैठक व्यवस्था में सहयोग आदि सेवा कार्य किए गए। इस सेवा कार्य में डीओसी प्रेमलता चंद्राकार, रोवर लीडर नेमसिंह साहू, रोवर्स स्काउट, लोकेन्द्र, भूपेश, आदर्श, बालकृष्ण, अनुराग, हिमांशु, रेंजर्स डिम्पल, मुस्कान, रूबीना, बरखा ने सेवाएं दीं।



## मुकेश ने 80वीं बार किया रक्तदान, उनकी प्रेरणा से दो और साथियों ने दिया खून

**बालोद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बालोद में पदस्थ गुरूर तहसील निवासी वाहन चालक मुकेश कुमार यादव ने बालोद में स्वयं रक्तदान कर क्षेत्र के दो अन्य युवाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया, जिससे जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्त मिल सका। ग्राम कोलिहामार निवासी मुकेश कुमार साहू 42 वर्ष अब तक 80 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, जिससे हम अनेक बहुमूल्य जिदगियां बचा सकते हैं। उन्होंने लोगों से मानवता की भलाई और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे बढ़कर स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की। मुकेश कुमार यादव क



रक्तदान से प्रेरित होकर उनके साथ कार्य करने वाले विनय खत्री और पुरूषोत्तम वशिष्ट ने भी रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि उनका ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव है जब भी किसी जरूरतमंद इंसान को ए पॉजिटिव रक्त की जरूरत होगी तो उन्हें संपर्क कर सकते हैं।

## माहुद बी में हुआ जस झांकी कार्यक्रम



**बालोद।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम माहुद बी में नवदीप दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में नवरात्रि पर जगत जननी मां अंबे भवानी की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान समिति द्वारा प्रतिदिन विविध आयोजन किए गए। समिति द्वारा आयोजित जस झांकी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर थे। उपस्थित अतिथियों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा वर्तमान पीढ़ी को अपनी धार्मिक परंपराओं, मान्यताओं से अवगत कराने के लिए जस झांकी का आयोजन किया गया है। जस झांकी के माध्यम से अलग–अलग मंडलियां देवी की महिमा का यशगान करती हैं, जिसे आप हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात कर अज्ञानता, अंधकार रूपी महिषासुर का वध कर नौ दिनों में ये कोशिश होनी चाहिए कि अपने जीवन सदाचार, सद्गुण को समाहित कर नेक कार्य करें। इस दौरान उत्कृष्ट झांकी का प्रदर्शन करने वाली टोलियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दयाल दास जोशी, पूर्व सरपंच हीरामन साहू, उधोराम साहू, विजय हिरवानी, खिलवान धनकर सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### फरार गुटखा व्यापारी साजिद गिरफ्तार

**भिलाई।** जिले में गुटखे का बड़ा काराबोरा करने वाला फरार आरोपी साजिद खान को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। भिलाई तीन टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि अवैध गुटखा का संचालन कहां कहां किया जाता है। इसके साथ कौन-कौन शामिल है इसकी जानकारी उससे ली जा रही है। वहीं वैशाली नगर का राजेन्द्र पंडा के बारे में पतासाजी की जा रही है। फिलहाल पुलिस को साजिद से कई अहम जानकारी मिली है। पुलिस उसी आधार पर फरार आरोपियों की खोजबीन में जुटी हुई है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज


### श्रीमद् देवी भागवत कथा में कथावाचिका ने कहा मौत से पहले कर लें पुण्य कार्य

# जो जैसा कर्म करेगा, उसे वैसा ही फल मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

100 कार्यों को छोड़कर भोजन करें, हजार कार्यों को छोड़कर स्नान करें, लाख कार्यों को छोड़कर दान करें, करोड़ों कार्य को छोड़कर भजन करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीव को भगवान का सहारा लेना चाहिए, बिना उसके जीवन को पार नहीं लगा सकते। जीवन की सबसे बड़ी सच्चाई मौत है, लेकिन मौत से पहले हमें पुण्य काम कर लेना चाहिए।

उक्त बातें श्री दुर्गा सेवा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के आठवें दिन कथावाचक रुचिता तिवारी ने कही। रुचिता तिवारी ने देवियों के अवतार की कथा सुनाई। कथा पंडाल में देवी की नौ रूपों की झांकियों व भजनों में भक्त झूमते हुए नजर आए। रुचिता तिवारी ने कहा कि जीवन में हर रोज उत्सव मनाना चाहिए, उन्होंने कहा कि उत्सव मनाने का सबसे अच्छा दिन मौत के 1 दिन पहले है। उन्होंने कहा कि जब हमें पता ही नहीं कि मौत कब आएगी, इसलिए उसके एक दिन पहले उत्सव मनाने का अर्थ है कि हर रोज उत्सव मनाओ। नरक का वर्णन करते हुए रुचिता तिवारी ने कहा कि जो जैसा कर्म करेगा वैसा ही उसको फल मिलेगा। अच्छा करते हैं तो स्वर्ग और गलत करोगे तो नर्क में जाओगे। गलत कर्म करने वालों को नर्क भोगना पड़ता है। संत का अनादर, कुकर्म करोगे तो नरक जाओगे। संतों का सम्मान करोगे, बड़ों का आदर करोगे, माता–पिता की सेवा करोगे, गुरुओं का सम्मान करोगे, सत्य बोलोगे तो स्वर्ग जाओगे।








### आज कथा सुबह 9.30 बजे से

दुर्गा अष्टमी पर हवन होने के कारण प्रवचन का समय 11 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे से रखा गया है। वहीं दुर्गा मंदिर में हवन पूजन संध्या 4 बजे रखा गया है। रात 8 बजे रुचिता तिवारी द्वारा देवी भजन का कार्यक्रम में देवी भागवत पंडाल में रखा गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:–73544-11411